भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 966

28 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आंध्र प्रदेश में निवारक स्वास्थ्य देखभाल सेवा के साथ आयुष पद्धतियों का एकीकरण

966. श्री मेदा रघुनाधा रेड्डी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल और गैर-संचारी रोगों के प्रबंधन के साथ आयुष पद्धतियों के एकीकरण के संबंध में कोई आकलन किया है, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में जहां जीवनशैली संबंधी रोग बढ़ रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश हेतु अनुमोदित संस्थाओं, वित्तीय सहायता और कार्यक्रमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों, जहाँ जीवनशैली संबंधी रोगों में वृद्धि हो रही है, में निवारक स्वास्थ्य देखभाल में तथा गैर-संचारी रोगों के प्रबंधन में आयुष पद्धतियों के एकीकरण के आकलन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सामुदायिक जागरूकता के उद्देश्य से बढ़ते जीवनशैली संबंधी रोगों से निपटने तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ाने के लिए आयुष पद्धतियों के एकीकरण का आकलन किया गया है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत, आयुष मंत्रालय द्वारा राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर आंध्र प्रदेश राज्य में 126 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] अनुमोदित किए गए हैं तथा राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार ये सभी संचालित हैं। ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), योग सहित आयुष के सिद्धांतों एवं पद्धतियों पर आधारित समग्र स्वास्थ्य मॉडल के माध्यम से समुदाय को उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसे गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) सहित विभिन्न सामान्य रोगों के लिए निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक तथा पुनर्वास संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, जीवनशैली संबंधी विकारों सहित सामान्य रोगों की रोकथाम एवं प्रबंधन के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश राज्य में समर्पित आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम, जैसे–ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं अन्य मस्कुलोस्केलेटल विकारों की रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम, वयो मित्र: आयुष जेरियाट्रिक स्वास्थ्य सेवाएं, आयुर्विद्या: विद्यालयी बच्चों के लिए आयुष के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, आयुष मोबाइल चिकित्सा इकाई, सुप्रजा: आयुष मातृ एवं नवजात उपचार, कारुण्य: आयुष उपशामक सेवाएं, तथा लसीका फाइलेरियासिस (लिम्फीडेमा) के रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता निवारण (एमएमडीपी) हेतु आयुष पर राष्ट्रीय कार्यक्रम भी अनुमोदित किए गए हैं। राष्ट्रीय

आयुष मिशन के अंतर्गत वर्ष 2014-15 से 2025-26 तक राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को 12,257.56 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****